22032024-Cha-09_Chandigarh-9 3/21/2024 10:08 PM Page 1

अंगदान महादान : मृतक के परिवार का साहसिक फैसला

पंचकूला के पवन ने 4 मरीजों को दी नयी जिंदगी

■ पवन का दिल दिल्ली के युवक में धड़का

एस अग्निहोत्री/हप्र
पंचकूला, 21 मार्च

सिर में लगी थी गंभीर चोटें

यह 14 मार्च का मनहूस दिन था, जब पवन अपने घर पर अचानक गिरने के बाद सिर में गंभीर चोट लगने के कारण बेहोश हो गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार पहले पवन को एक स्थानीय निजी अस्पताल में ले गया, जहां से उसे पीजीआईएमईआर रेफर कर दिया गया और उसी दिन, 14 मार्च को बेहद गंभीर हालत में यहां भर्ती कराया गया। लेकिन उपस्थित मेडिकल टीम के निरंतर प्रयास इस दुखद त्रासदी को टाल नहीं सके और बाद में, टीएचओए 1994 के अनुसार प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, पवन को 19 मार्च को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया।

त्रासदी को शब्दों में बयां नहीं कर सकते

पवन की पत्नी बेबी रानी ने कहा कि उनकी त्रासदी इतनी भयानक है कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। पति मेरे लिए जीवन की किरण थे, लेकिन अब वह भी ख़त्म हो गया है और हमारी दुनिया पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। हो सकता है भगवान ने मेरे पति को इसलिए ले लिया हो, क्योंकि अंगदान के जरिए दूसरों को उनकी वजह से जीना था। सौ साल के जीवनकाल में कई लोग जितना हासिल कर सकते हैं, पवन उससे कहीं अधिक करने में सक्षम था।

पंचकूला के सकेतड़ी के रहने वाले दयाल परिवार के 33 वर्षीय पवन इस संसार को छोड़ने के बाद भी चार लोगों को नया जीवन दे गए। यह सब उनके परिवार के अंगदान करने के साहसिक फैसले के बाद ही हो पाया है। जिन लोगों को नया जीवन मिला है वे असाध्य रोगों से लड़ रहे थे।

परिवार की सहमति के बाद पीजीआई चंडीगढ़ के डॉक्टरों ने अंग प्राप्त किए। पुनर्प्राप्त अंगों के आवंटन के बारे में विस्तार से बताते हुए पीजीआईएमईआर के चिकित्सा अधीक्षक और रोटो (उत्तर) के नोडल अधिकारी प्रो. विपिन कौशल ने बताया कि अस्पतालों में मेल खाने वाले प्राप्तकर्ताओं के लिए विकल्प तलाशे और अंततः नोटो के हस्तक्षेप के बाद एम्स दिल्ली में 18 वर्षीय युवक को पवन का दिल लगाया गया। पीजीआई चंडीगढ़ से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर नयी दिल्ली तक दिल को पहुंचाया गया। इसके अलावा एक 34 वर्षीय पुरुष मरीज एक साथ अग्न्याशय और किडनी प्रत्यारोपण (एसपीके) पाने के लिए भाग्यशाली निकला। दूसरी किडनी 36 वर्षीय महिला को प्रत्यारोपित की गई। दोनों मरीज पीजीआईएमईआर में भर्ती थे। प्रत्यारोपण से पहले दोनों मिलान प्राप्तकर्ता गुर्दे की बीमारी के अंतिम चरण से पीड़ित थे और लंबे समय से डायलिसिस पर निर्भर थे। प्रत्यारोपण के बाद प्राप्त कॉर्निया ने पीजीआईएमईआर में दो कॉर्निया दृष्टिहीन रोगियों की दृष्टि बहाल कर दी।

अंगदान करने के लिए पीजीआई के डायरेक्टर प्रो. विवेक लाल ने परिवार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवार के साहसिक फैसले से चार लोगों को नयी जिंदगी मिली है। दाता परिवार की उदारता की विरासत धड़कते दिलों के माध्यम से गूंजती है और जीवन के उपहार और दृष्टि के उपहार से धन्य लोगों की दृष्टि बहाल करती है।

मलोया में फिर लगाईं 'मोदी परिवार' की नेम प्लेटें

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंदरपाल मल्होत्रा ने की पदयात्रा

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 21 मार्च (हप्र)

चंडीगढ़ के मलोया गांव में बृहस्पतिवार को पदयात्रा करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता। - दैनिक ट्रिब्यून

मलोया गांव में घरों पर 'मोदी परिवार' की नेम प्लेटें नगर निगम द्वारा पुलिस प्रशासन की मदद से हटाने के विवाद के बाद घरों से ये नेम प्लेटें हटाई गई थी। बृहस्पतिवार को भाजपाइयों ने उन घरों व निजी संपत्तियों पर फिर से इस तरह की नेम प्लेटें प्रदेशाध्यक्ष जितेंदरपाल मल्होत्रा की अध्यक्षता में लगानी शुरू कर दीं। इस मौके पर लोगों का कहना था कि उन्होंने अपनी मर्जी से 'मैं हूं मोदी परिवार' की नेम प्लेटें लगाई थीं। मगर ना जाने क्यों नगर निगम ने उनके घरों से ये नेम प्लेटें डरा-धमका कर हटा दीं। आज दोबारा नेम प्लेटें लगने के बाद इन्होंने कहा कि नेम प्लेटें लगें या किसी भी कारण से हटें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके दिल में हैं और उनके द्वारा देश के लिए किए गए विकास कार्यों से वे संतुष्ट हैं और चाहते हैं कि इस बार चुनाव में भाजपा अपने लक्ष्य से भी अधिक सीटें जीत कर लोकसभा पहुंचे और देश की जनता के लिए और जो कार्य होने वाले हैं उन्हें गति दे। इस मौके पर भाजपा महामंत्री अमित जिंदल ने कहा कि आज पदयात्रा में जो भीड़ उमड़ी है,यही मोदी की ताकत है। इस ताकत को देख विपक्ष हिला हुआ है और चुनाव बिगुल बजने के बाद से तरह-तरह के हथकंडे अपना कर भाजपा को बदनाम करने की साजिशें रच रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार लाने का मन बना चुकी है। अब सिर्फ मतदान का इंतजार है। उन्हें उम्मीद ही नहीं पूरा यकीन है कि देश की जनता इस बार भाजपा को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज कराने में अपना अहम योगदान देगी। इस मौके पर प्रदेश सचिव संजीव राणा, रमेश सोहड़, प्रदेश प्रवक्ता विजय राणा, जिलाध्यक्ष रवि रावत, उपाध्यक्ष राजकुमार राणा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महकवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष कृष्ण गर्ग, महिला विंग महामंत्री रेखा सूद, अमित मिश्रा, राजीव पांडेय, प्रदीप कुमार, बृजेंद्र कुमार, आशीष चौधरी, हरिशंकर मिश्रा, संजय बिहारी, शोभित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर है...

इकोसिख संगठन लगाएगा 10 लाख पौधे

चंडीगढ़ में बृहस्पतिवार को इकोसिख के सदस्य अपने संगठन की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए।

मनीमाजरा (चंडीगढ़) (हप्र) : चंडीगढ़ प्रेस क्लब में अपनी 15वीं वर्षगांठ के जश्न के अवसर पर इकोसिख ने उद्योग के साथ अपनी साझेदारी की फिर से पुष्टि की है। इकोसिख ने 10 लाख पेड़-पौधे लगाने के लिए उद्योग के सहयोग से लंग्स ऑफ लुधियाना नामक एक पहल शुरू की थी। इसके तहत लुधियाना शहर में 167 पवित्र जंगल पहले से ही लगाए जा चुके हैं। इनमें 91000 पेड़ लगाए गए हैं। इकोसिख के ग्लोबल प्रेजिडेंट डॉ. राजवंत सिंह ने अपने बोर्ड सदस्यों के साथ बृहस्पतिवार को यहां चंडीगढ़ प्रेस क्लब में संगठन की कुछ उपलब्धियों और विवरण पर प्रकाश डाला। इकोसिख के ग्लोबल प्रेजिडेंट डॉ. राजवंत सिंह, एडवाजर शुभेंदु शर्मा, प्रेजिडेंट सुप्रीत कौर ने कहा कि इकोसिख ने पर्यावरण पर काम करने के लिए दुनिया भर के सिख समुदाय को शामिल करने के लिए विभिन्न पहल शुरू की हैं।

अभय, धानक ने राममूर्ति सिहाग के निधन पर जताया शोक

पंचकूला (हप्र) : जजपा नेता ओपी सिहाग के भाई राममूर्ति सिहाग के आकस्मिक निधन पर उनके गांव कुम्हारिया में पहुंच कर इनलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद हल्के से विधायक अभय सिंह चौटाला और पूर्व मंत्री एवं उकलाना हल्के से विधायक अनूप धानक ने शोक प्रकट करते हुए सिहाग परिवार को ढांढस बंधाया। इससे पहले उनके गांव में जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह सहित काफी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि दुख प्रकट करने उनके गांव पहुंचे।

प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए : चित्रा

अम्बाला छावनी में बृहस्पतिवार को घर-घर अभियान के दौरान कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा।- हप्र

अम्बाला (हप्र) : कांग्रेस नेता निर्मल सिंह ने आज बलदेव नगर व आसपास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात करते हुई की। इसी कड़ी में अम्बाला छावनी में कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने छावनी के पल्लेदार मोहल्ले व आसपास के इलाकों में अभियान की शुरूआत की। निर्मल सिंह ने कहा की आज पूरा प्रदेश भाजपा-जजपा के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था। आज हरियाणा में रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। अब हरियाणा की जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। इसी कड़ी में छावनी के पल्लेदार मोहल्ले में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा की प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए जो सिर्फ कांग्रेस में ही संभव है। चित्रा ने कहा कि प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए ।

वालंटियर्स को दिया वित्तीय अवधारणाओं का ज्ञान

अम्बाला शहर (हप्र) : एसए जैन कॉलेज में आयोजित विशेष शिविर का शुभारंभ योग के साथ किया गया। इसके बाद प्रार्थना सभा में नवकार मंत्र, सुविचार के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रथम सत्र में कॉलेज से वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रितु गुप्ता ने वित्तीय साक्षरता विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने बजट बनाना, बचत, निवेश, ऋण प्रबंधन जैसी विभिन्न वित्तीय अवधारणाओं की समझ और ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए ऋण एवं क्रेडिट कार्ड जैसे वित्तीय उत्पादों के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आदित्य जिंदल संस्थापक सत ऑर्गेनिक ने शिरकत की। उन्होंने कृमि खाद विषय पर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया तथा वर्मी कंपोस्ट की पद्धति व विधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके उपरांत इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया जिसमें आदित्य जिंदल एवं कॉलेज प्राचार्या डॉ. आभा बंसल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर देवीनगर के गणमान्य व्यक्ति नरेश कुमार, अश्वनी कुमार, श्याम सुंदर कश्यप, राजकुमार, राजकुमार रतड़ा, गुलशन कुमार, विश्वंभर नाथ और सोमनाथ उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर चालक पर युवक ने चलाई गोली, घायल

■ बलौंगी में पार्किंग को लेकर विवाद सीसीटीवी फुटेज आई सामने

मोहाली, 21 मार्च (हप्र)

हमलावर ऑल्टो कार में फरार

हमलावर ऑल्टो कार में फरार हुए थे। गाड़ी का नंबर ट्रेस कर लिया है। गाड़ी में पांच से छह हमलावर फरार हुए हैं। पहचान की जा रही है। फिलहाल अज्ञात हमलावरों पर आईपीसी की धारा 307, 323, 506,336 , 148, 149 व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

-सुमित मोर, एसएचओ थाना बलौंगी

मोहाली के गांव बलौंगी में देर रात पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद युवक ने फायर कर दिया। बलौंगी के रहने वाले रजिंदर ने आरोप लगाया कि वह पार्किंग में ट्रैक्टर लगाकर खड़ा था। उसी दौरान किराये पर रह रहे कुछ युवकों ने वहां पार्किंग को लेकर विवाद शुरू कर दिया। तैश में आए किरायेदार युवकों ने उस पर गोली चला दी। गनीमत यह रही की वह बच गया। गोली उसके कान से पास से निकल गई और सामने दीवार पर जाकर लगी।

वहीं, कुछ युवकों ने उसके सिर पर पिस्टल के बट से वार कर उसे घायल कर दिया। हमलावर मौके से हथियारों सहित ऑल्टो कार में फरार हो गए। घायल को इलाज के लिए फेज-6 अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां वह उपचाराधीन है। उसके सिर पर सात टांके लगे हैं। इस हमले की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। बलौंगी पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले ली है। हमलावरों की पहचान की जा रही है। इस मामले में बलौंगी थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ इरादा कत्ल व आर्म्स एक्ट की धराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

रजिंदर के बेटे सन्नी ने बताया कि उनका पानी के टैंकर किराए पर देने का काम है। बृहस्पतिवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे वह और उसके पिता बलौंगी में किसी के घर से पानी का टैंकर लेने ट्रैक्टर पर जा रहे थे। कुछ दूर जाकर बीच रास्ते में एक कार बीच सड़क में गलत तरीके से खड़ी हुई थी। जब उन्होंने रास्ता मांगने के लिए हॉर्न बजाया तो वहीं सामने पीजी में रहने वाला एक लड़का गाड़ी हटाने नीचे आ गया। रजिंदर ने नीचे आए युवक से कहा कि रास्ते में गाड़ी थोड़ा ध्यान से खड़ी कर लिया करो। तभी पीजी कमरे की बॉल्किनी में खड़े दूसरे युवक ने रजिंदर को गाली निकाल दी। उसने ऊपर से अपने साथी को गाड़ी मौके से नहीं उठाने के लिए कहा। रजिंदर ने उससे कहा कि उसे जल्दी है। उसने आगे जाना है तो पीजी से तीन युवक और नीचे आ गए। सभी के हाथ में पिस्टल थी जिसमें एक युवक ने आते ही फायर किया और पिस्टल उसके सिर पर तान दी। गोली रजिंदर के कान के पास से निकली और सामने दीवार पर जाकर लगी। रजिंदर ने जब पिस्टल तानकर खड़े युवक का हाथ हटाया तो उसके पीछे खड़े लड़कों ने पिस्टल के बट से उसके सिर पर वार कर दिए। उसके सिर से खून बहने लगा तो उसका बेटा रजिंदर को छुड़ाकर साथ के घर में ले गया। रजिंदर के बेटे सन्नी ने हमलावरों से माफी मांगी । मौके पर गोली की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ इकट्ठा होते देख सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। इसके बाद बेटे सन्नी ने पिता को फेज-6 के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल के सिर पर सात टांके लगे हैं।

टैक्सी चालक युवक ने की आत्महत्या

■ नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

जीरकपुर, 21 मार्च (हप्र)

स्थानीय बलटाना क्षेत्र स्थित एकता विहार कॉलोनी के 29 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान होशियारपुर के रहने वाले पलविंदर सिंह के रूप में हुई है, जो यहां किराए के मकान में रहता था और टैक्सी चलाता था।

मामले की जानकारी देते हुए बलटाना चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय कुमार ने कहा कि उन्हें कल रात को सूचना मिली थी कि एकता विहार के मकान नंबर 110 की पहली मंजिल पर रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । उन्होंने कहा कि जब पुलिस गई तो मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा तो देखा तो शव दो दिन पुराना लग रहा था जिसमें से बदबू आ रही थी। उन्होंने बताया कि मृतक पलविंदर सिंह टैक्सी चलाता था और करीब डेढ़ महीने पहले ही यहां रहने आया था। इसलिए किसी पड़ोसी को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतक की पत्नी भी घर में मौजूद नहीं थी। पुलिस के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी अस्पताल में रखवा दिया है। उन्होंने बताया कि बृहपतिवार को मृतक पलविंदर सिंह के भाई दविंदर कुमार के बयानों के आधार पर धारा 174 के तहत कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया गया है।

CONFED DISTT. OFFICE, KAITHAL

RE-TENDER NOTICE

e-Tender are invited on the prescribed tender form from reputed and financially sound transporters preferably doing same business for the period from 01.04.2024 to 31.03.2025 for transportation at doorstep delivery of Goods and Commodities under TPDS/SNP Scheme & other Welfare Schemes to Fair price Shops/flour mill in Sub Divisions Kaithal, Guhla and Anganwari Centers as a whole Distt. The tender terms & conditions and documents are available on website **http://etenders.hry.nic.in**.

The important detail & schedule as under:-

District	Release/ calling of tender up-to	Last date of registration with portal	Opening of technical bid	Scrutiny of technical bid and opening of financial bid and negotiation
Kaithal	21.03.2024 10:00 AM	27.03.2024 1:00 PM	27.03.2024 03:00 PM (Conference Hall DC Office Kaithal)	As decided by DLTC

For more details, please visit 'Tender' Section on http://etenders.hry.nic.in.

(Nishant Rathee)
D.F.S.C.-cum-D.M.
Confed Office, Kaithal.

Ph. No. 01746-222224

DI-34841

जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

पंचकूला, 21 मार्च (हप्र)

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा पंचकूला एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश वाल्मीकि ने नई जिला टीम की घोषणा कर दी। नई सूची में पुराने चेहरों के साथ कुछ नए चेहरे शामिल किए गए हैं। इसमें संतराम संता, कृष्ण कुमार, पवन कुमार, प्रेम मलिक एवं राजेंद्र लोहत को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जसबीर जस्सा एवं सुदेश बिडला को जिला महामंत्री की जिम्मेवारी सौंपी है। मामचंद, अनिल बागड़ी, शेरूराम, रामफल पारखी व गांधी को जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। गुरप्रीत सिंह को कोषाध्यक्ष, पिंटू केसरी को मीडिया एवं महेश चंदेल को सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। इसी प्रकार जिला के सभी आठों मंडलों के मोर्चा अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी है। जिसमें धर्मवीर सिंह कालका मंडल, कृष्ण सरपंच पिंजौर मंडल, जसवंत सिंह मोरनी मंडल, प्रवीण धानक रायपुररानी मंडल, सोहन सिंह बरवाला मंडल, राकेश कुमार नाडा मंडल, जंगशेर सिंह चंदी मंडल एवं सुंदरलाल को माता मनसा मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है।

राज्यसभा सांसद संधू का सम्मान आज

पेंडू सुधार कमेटी आयेजित करेगी मलोया में सम्मान समारोह

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 21 मार्च (हप्र)

चंडीगढ़ से पहली बार राज्यसभा में मनोनीत सांसद सतनाम संधू के लिए सम्मान समारोह करवाया जा रहा है। यह आयोजन गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम, मलोया में पेंडू सुधार कमेटी चंडीगढ़ की ओर से 22 मार्च को किया जा रहा है। पेंडू सुधार कमेटी के प्रधान दीदार सिंह व चंडीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ उपमहापौर कुलजीत सिंह ने जानकारी दी कि समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम संधू को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार केंद्र सरकार की ओर से किसी को चंडीगढ़ से राज्यसभा मेंबर नियुक्त किया गया है जोकि चंडीगढ़ से वालों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सतनाम सिंह संधू भी एक साधारण से किसान परिवार से संबंध रखते हैं। समारोह के दौरान पेंडू सुधार कमेटी व अन्य 15 गांव से कमेटी के सदस्य विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवतार सिंह ढिल्लों मनीमाजरा भी मौजूद रहे।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता रहेगा तैनात

होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

अम्बाला शहर, 21 मार्च (हप्र)

रंगों की आड़ में रंजिश निकालने की कोशिश करने वालों पर भी शिकंजा

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस दस्ता भी तैनात रहेगा। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो, तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटें। बाइक के साइलेंसर से कोई पटाखों जैसी आवाज निकालेगा तो बाइक को तुरंत जब्त किया जाएगा। त्योहार पर कुछ शरारती और आपराधिक तत्व या शराबियों द्वारा रंगों की आड़ में पुरानी रंजिश निकालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं होली के दौरान स्पीड बाइकर्स पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर चौक चौराहों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी से कहा कि कानून व्यवस्था की पालना करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें।

जिले में होली के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए अम्बाला पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने जिला पुलिस को त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। त्योहार पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक रंधावा ने बताया कि जिला के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। जिले में होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी।

पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि होली पर किसी तरह का हुड़दंग ना हो इसके लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारियों को ऐसे बदमाशों की लिस्ट को अपडेट करने को कहा गया है। ऐसे बदमाशों के बारे में पूरी जानकारी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें। बदनियती से हुड़दंग करने, किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जान-बूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

सार्वजनिक सूचना

कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ओ टी–14, तीसरी मंजिल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंडस, सेक्टर–76, फरीदाबाद 121004, हरियाणा

दूरभाष: 0120–4492–650 वेबसाइट: **www.bptp.com**

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा चंडीगढ़ **("डीटीसीपी")** द्वारा जारी ज्ञापन संख्या LC-2330-E / JE (AK) -2024/9962 दिनांक 16.03.2024 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

जोकि, कंट्रीवाइड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य 133.70525 एकड़ भूमि पर आवासीय प्लॉट कॉलोनियों को विकसित करने की प्रक्रिया में हैं, जिसका नाम है " Amstoria ", " 102 ईडन एस्टेट " और " 102 ईडन एस्टेट – II " (कॉलोनियाँ) सेक्टर 102 और 102A गुरुग्राम हरियाणा में स्थित है, जिसे लाइसेंस नम्बर 58/2010 दिनांक 03.08.2010, 45/2011 दिनांक 17.05.2011 और 41/2021 दिनांक 23.07.2021 की शर्तों के अनुसार विकसित किया जा रहा है जो डीटीसीपी द्वारा समेकित लेआउट योजना के साथ प्रदान किया गया है।अब, डीटीसीपी ने ज्ञापन संख्या.LC-2330-E / JE (AK) -2024/9962 दिनांक 16.03.2024, के द्वारा सेक्टर -102, गुरुग्राम हरियाणा में स्थित 9.903 एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र में आवासीय प्लॉट कॉलोनी की स्थापना के लिए लाइसेंस देने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (LOI) जारी किया है जिसे पूर्वोक्त लाइसेंस के अतिरिक्त जारी किया है, जिससे कॉलोनियों की मौजूदा पहले स्वीकृत लेआउट योजना संशोधित हो गई है।

और जोकि, डीटीसीपी ने मौजूदा लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र के साथ अतिरिक्त क्षेत्र को विलय करने के बाद 143.60825 एकड़ (133.70525 एकड़ + 9.903 एकड़) के सामूहिक क्षेत्र के लिए एक अनंतिम लेआउट योजना भी जारी की है। 0.43 एकड़ के नियोजित विकास को बदल दिया गया है और 0.45 एकड़ के अनिर्धारित उपयोग को नियोजित विकास क्षेत्र में बदल दिया गया है। कॉलोनियों के हरित क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं हुआ है और 0.604 एकड़ का अतिरिक्त हरित क्षेत्र प्रदान किया जा रहा है।

और जोकि, कई व्यक्तियों / अलॉट्टीयों ने उपरक्त आवासीय कॉलोनियों में भूखंडों / फलोरों /दुकानों / संपत्तियों के आवंटन के लिए बुकिंग / खरीद समझौतों में प्रवेश किया है।

और जोकि, डीटीसीपी, ने हमें लेआउट योजना में इस तरह के संशोधन की अनुमति देने के लिए पूर्व शर्त, लेआउट योजना के संशोधन के खिलाफ 25.01.2021 की नीति के अनुसार पूर्वोक्त कालोनियों के आवंटियों से आपत्तियां लेने का निर्देश दिया है।

तदनुसार, उपर्युक्त कालोनियों लेआउट योजना के प्रस्तावित संशोधन पर मौजूदा आवंटियों से आपत्तियां आमंत्रित की जा रही हैं। पहले से स्वीकृत लेआउट योजना ड्राइंग नं DGTCP-7833 दिनांक 26.07.2021 की एक प्रति. और संशोधित लेआउट योजना स्वीकृत जोकि ज्ञापन संख्या LC-2330-E / JE (AK) -2024/9962 दिनांक 16.03.2024 के द्वारा सैद्धांतिक रूप से अनुमोदित है, के साथ-साथ ड्राइंग हमारी आधिकारिक वेबसाइट यानी www.bptp.com पर उपलब्ध है। उक्त लेआउट योजना और ड्राइंग को अधोहस्ताक्षरी के पंजीकृत कार्यालय के साथ-साथ वरिष्ठ नगर योजनाकार (STP) एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -14, गुरुग्राम, हरियाणा के कार्यालय में भी देखा जा सकता है।

" Amstoria ", " 102 ईडन एस्टेट " और " 102 ईडन एस्टेट – II " कॉलोनियों के किसी भी मौजुदा आवंटी को संशोधित लेआउट योजना पर यदि कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर वरिष्ठ नगर योजनाकार (STP) एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर -14, गुरुग्राम हरियाणा के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि मौजूदा आवंटियों में से किसी को भी संशोधित लेआउट योजना पर कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : **22.03.2024**

रोहित मोहन
कृते कंट्रीवाइड प्रोमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड